सीएम ने 7283 करोड़ की लागत से बने 91.35 किमी लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का किया लोकार्पण

# इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से यूपी बना इमर्जिंग स्टेट: सीएम योगी

**GORAKHPUR (20 June):** जब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की गति बढ़ेगी तो विकास भी तेजी से होगी. विकास तेज होने से अपने आप समृद्धि आएगी. समग्र विकास के लिए आवश्यक है कि उसके अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलंपमेंट किया जाए, ये बातें शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने 7283.28 करोड़ रुपये की लागत से बने 91.35 किमी लंबे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के दौरान कही. वे भगवानपुर टोल प्लाजा पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे.

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT

**i GOOD NEWS**

## ग्रोथ इंजन बना यूपी

सीएम ने कहा दुनिया के विकसित देशों ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दिया तो उनके यहां विकास देखने लायक है. 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दिया गया तो उसी का परिणाम है कि यह बीमारू राज्य की बदनामी से उबरकर अब इमर्जिंग स्टेट के रूप में पहचाना जा रहा है. देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो रहा है.

## समय की होगी बचत

सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर सफर आरामदायक है और इस पर समय की भी बचत होगी. गोरखपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होते हुए लखनऊ जाने में सिर्फ तीन घंटे लगेंगे. उन्होंने कहा कि यह लिंक एक्सप्रेसवे विकास की गति को भी बढ़ाने वाला है. सीएम ने कहा कि क्या कोई सोचता था कि बेलघाट, खजनी, सिकरीगंज जैसे क्षेत्र एक्सप्रेसवे से जुड़ पाएंगे पर आज यह सोच साकार हुआ है.



## गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे

| | |
|---|---|
| प्रारंभ बिंदु | जैतपुर (गोरखपुर) |
| अंतिम बिंदु | सालारपुर (आजमगढ़) में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से कनेक्ट |
| लंबाई | 91.35 किमी |
| लागत | 7283.28 करोड़ |
| जिले | 04 ( गोरखपुर, संतकबीरनगर, अंबेडकरनगर, आजमगढ़) |

## ये होगी सुविधा

- पूर्णतः प्रवेश नियंत्रित फोरलेन (सिक्सलेन में विस्तारणीय)
- 9 टोल प्लाजा/ रैंप प्लाजा
- 9 रैंप (चढ़ने-उतरने के लिए)
- 2 जनसुविधा परिसर
- 2 टायलेट ब्लाक
- 7 फ्लाईओवर
- 8 बड़े पुल
- 14 छोटे पुल
- 49 पैदल अंडरपास
- 55 लघु वाहन अंडरपास
- 20 वाहन अंडरपास
- 01 वाहन ओवरपास

## बन रहे एक्सप्रेसवे

सीएम योगी ने कहा यूपी के एक्सप्रेसवे निवेश के आधार बन रहे हैं. गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के जरिए गोरखपुर के दक्षिणांचल में औद्योगिक विकास की नई-नई पड़ रही है. उन्होंने कहा कि गीडा में पिछले आठ सालों में 15000 करोड़ रुपये के निवेश धरातल पर उतरे जिससे 40 हजार स्थानीय नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिला.

## अब पहचान का संकट नहीं

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में युवाओं के सामने अब पहचान का संकट नहीं है. पांच दिन पूर्व गृह मंत्री अमित शाह की मौजदूगी में 60 हजार से अधिक युवाओं को पुलिस में नियुक्ति का पत्र दिया गया. इसमें 12045 बेटियों की भर्ती हुई है. आजादी के बाद 2017 तक यूपी पुलिस में सिर्फ दस हजार महिलाओं की भर्ती हुई थी, अब यह संख्या 40 हजार से अधिक हो चुकी है.

## नम्बर एक बना उत्तर प्रदेश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा आज उत्तर प्रदेश रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी में नम्बर एक प्रदेश बन चुका है. यूपी एक्सप्रेसवे के मामले में तो नम्बर एक है ही, सबसे लंबा रेल नेटवर्क भी यहीं है. यही नहीं, 2017 के पहले दो एयरपोर्ट वाले इस राज्य में आज 16 एयरपोर्ट हैं. चार इंटरनेशनल एयरपोर्ट आपरेशनल हैं और देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट नोएडा के जेवर में बन रहा है.

## जिले में औद्योगिक क्लस्टर

उन्होंने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के बाद इस साल के अंत तक गंगा एक्सप्रेसवे की सौगात मिल जाएगी. इन एक्सप्रेसवे पर हर जिले में औद्योगिक क्लस्टर विकसित किया जा रहे हैं. इन औद्योगिक क्लस्टर में उद्योग लगेंगे, एमएसएमई की इकाइयां स्थापित होंगी, फिशरीज और एग्रीकल्चर के व्यवसाय की गतिविधियां आगे बढ़ेंगी.

## सुरक्षा के बेहतर माहौल

सीएम ने कहा कि सुरक्षा के बेहतर माहौल में अर्थव्यवस्था आगे बढ़ती है और निवेश आता है. यूपी में पिछले आठ सालों से यही हो रहा है. इस दौरान प्रदेश को 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए और उनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव को धरातल पर उतारा जा चुका है.

